जाग उठा हमारा
आजाद हिन्दुस्तान
14 मार्च 2023

# महिलाओं को 1 हजार रुपये प्रतिमाह देने वाली लाडली बहना योजना का हुआ शुभारंभ





खरगोन 5 मार्च 23/ मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने जन्मदिन पर रविवार को मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का शुभारम्भ कर दिया है। इस योजना में पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1-1 हजार रुपये प्रदान किये जायेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम भोपाल के जम्बूरी मैदान पर आयोजित हुआ। यहाँ उन्होंने कविता मस्तेरिया का फार्म अपने हाथों से भरकर दिखाया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने फार्म की एक एक जानकारी कविता से पूछकर भरी। इस कार्यक्रम को प्रत्येक ग्राम पंचायत और वार्ड में देखा सुना गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शहर के विश्वसखा कॉलोनी के शिव वाटिका में आयोजित हुआ। यहाँ कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि जिले में 25 मार्च से गांव-गांव और वार्डो में शिविरों का आयोजन किया जावेगा। शिविरों में ज्यादा भी? न लगे इसके लिए दो या दो से अधिक दिनों तक भी आवेदन भरे जाएंगे। जिला प्रशासन की चिंता ऐसी महिलाओं की है जिनके समग्र या तो बने नहीं या कोई त्रुटि या आधार की भी यही स्थिति है। इसलिए पहले सर्वे के माध्यम से आधार और समग्र का डेटा सुधारने का कार्य किया जाएगा। यह कार्य 20 मार्च तक पूर्ण होगा। कार्यक्रम में पूर्व कृषि मंत्री श्री बालकृष्ण पाटीदार, पूर्व विधायक श्री बाबूलाल महाजन, श्री रंजीत डंडीर, श्री राजेन्द्र राठौर, श्री परसराम चौहान, एसडीएम श्री ओएन सिंह, महिला बाल विकास की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रत्ना शर्मा, नगर पालिका सीएमओ श्रीमती प्रियंका पटेल व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जिले की 3 लाख महिलाओं को लाभ मिलने की संभावना..

कलेक्टर श्री वर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि फार्म ही पूर्ण योजना है फार्म के साथ महिला को स्व घोषणाएं करनी होगी जैसे वो आयकर दाता नहीं है, उसके परिवार की 5 एक? से अधिक भूमि नहीं है, वो किसी निगम, मंडल, शासकीय उपक्रम में सेवारत तो नहीं, वो किसी वार्ड, या निकाय में सदस्य या अध्यक्ष तो नहीं इस तरह की 8 घोषणाएं करना होगी। योजना के साथ किसी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है। सिर्फ बैंक खाते में नाम, व अन्य जानकारियां ठीक होनी चाहिए।

## पात्र महिलाओं को ये करनी होगी स्वघोषणाएं..

मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए भरे जाने वाले फॉर्म में संबंधित पात्र महिलाओं को 8 प्रकार की स्व घोषणाएं करनी होगी। इन घोषणाओं में महिलाओं को मेरे परिवार की सम्मिलित रूप से वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से कम है। मैं स्वयं या मेरे परिवार का कोई भी सदस्य करदाता नहीं है। मैं स्वयं या मेरे परिवार का कोई भी सदस्य केन्द्र व राज्य सरकार के शासकीय विभाग, मंडल, उपक्रम, स्थानीय निकाय में नियमित, संविदा कर्मी के रूप में नियोजित नहीं है अथवा सेवानिवृत्ति के पश्चात पेंशन प्राप्त नहीं कर रहे हैं। मेरे स्वयं या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य के नाम से चार पहिया वाहन अथवा ट्रेक्टर नहीं है। मेरे परिवार के पास सम्मिलित रूप से 5 एकड से अधिक भूमि नहीं है। मुझे भारत सरकार और राज्य सरकार की किसी योजना में प्रतिमाह 1 हजार रूपये या अधिक राशि प्राप्त नहीं हो रही है। मैं स्वयं या मेरे परिवार में कोई सदस्य निर्वाचित एवं मनोनित जनप्रतिनिधि (पंचायत के वार्ड पंच या उप सरपंच को छोडकर) नहीं है। मैं स्वयं या मेरे परिवार में कोई सदस्य भारत सरकार, राज्य सरकार द्वारा चयनित, मनोनित, बोर्ड, निगम, मंडल, उपक्रम के अध्यक्ष व संचालक सदस्य नहीं है। इस तरह की स्व घोषणाएं पात्र महिलाओं को करनी होगी। इसके अतिरिक्त महिलाओं को योजना में किसी भी प्रकार के दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने निमाडी नृत्य व गीत संगीत पर थिरक कर योजना का स्वागत भी किया। पार्षद बेबी मंडलोई ने आओ, आओ, आओ मेरी प्यारी बहना, झूम के आयी मंगल घडियां गीत भी सुनाया। कार्यक्रम से पूर्व कलेक्टर श्री वर्मा व अन्य जनप्रतिनिधियों ने वाटिका में पौधारोपण भी किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने यहाँ त्रिवेणी लगाई।

## जगद्गुरू राजेश्वर माऊली पब्लिक फाउंडेशन को मिला सम्मान



**बड़वाह--विगत दिनों इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेशन सेन्टर में महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा इंदौर संभाग के अंतर्गत आने वाली विभिन्न नगरपालिका में जिन संस्था, संगठनों द्वारा स्वच्छता को लेकर विशेषकर पॉलिथीन के विकल्प को लेकर कार्य किया जा रहा था। जिन्होंने स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं दी है अथवा कार्य किया है या कोई अभिनव प्रयोग किया है, ऐसी संस्थाओं को इंदौर संभाग के नगर पालिका सीएमओ एवं अध्यक्ष की उपस्थिति में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।**

### महिलाओं से कपड़े की थैली बनवा कर निरंतर नगरपालिका को प्रदान की जा रही है।

प्रशस्ति पत्र नगरपालिका बड़वाह में संस्था की अध्यक्षा कुमारी दीपमाला शर्मा द्वारा अध्यक्ष, राकेश गुप्ता व सीएमओ कुशल सिंह डोडवे के हाथों प्राप्त किया गया। महिलाओं से कपड़े की थैली बनवा कर निरंतर नगरपालिका को प्रदान की जा रही है, जिससे पॉलिथीन का एक मजबूत विकल्प स्वच्छता के प्रकल्प को निरंतर बनाए रखने में सहयोग प्रदान कर रहा है।कार्यक्रम में नगरपालिका कर्मचारी निखिल वर्मा, आदि उपस्थित रहे।

### संस्था को सम्मान पत्र प्रदान किया गया।

नगर निगम के संयुक्त संचालक राजीव निगम, महापौर पुष्यमित्र भार्गव व अन्य पदाधिकारियो की उपस्थिति में यह प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए।पॉलिथीन के स्थान पर कपड़े की थैली का वितरण करने के लिए जगतगुरु राजेश्वर माउली पब्लिक फाउंडेशन के द्वारा महिलाओं से कपड़े की थैलियां बनवाकर नगरपालिका को उपलब्ध करवाई गई थी, जिसके लिए बड़वाह के नगर पालिका सीएमओ कुशल सिंह डोडवे एवं अध्यक्ष राकेश गुप्ता को बड़वाह नगरपालिका क्षेत्र में यह उत्तम स्वच्छता अभियान में सहभागी बनने के लिए संस्था को सम्मान पत्र प्रदान किया गया।

## हजरत सैयद कालूशाह दाता के 109 वा उर्स मुबारक पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का होगा आयोजन

बड़वाह- शहर के वार्ड क्र.17 स्थित नगर सेठ की बाडी मौलाना आजाद मार्ग बड़वाह मे हुजूर सैयद शंहशाह बैंगलोरी बाबा की सरपरस्ती मे 109वा उर्स मुबारक हजरत सैयद कालूशाह दाता का तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन बीएमबी ग्रुप बड़वाह द्वारा कराया जा रहा है। आयोजनकर्ता मजहर अली ने बताया कि 9 मार्च गुरुवार को दोप.3 बजे कालू शाह दाता की मजार पर संदल चादर ओढ़ाकर कार्यक्रम का आगाज शुरू किया जाएगा।शाम को तकरीर कार्यक्रम भी आयोजित होगा।इसके बाद 109वां कव्वाली प्रोग्राम 10 मार्च शुक्रवार की रात्रि 9 बजे जिसमें मशहूर कव्वाल जनाब हिफजुर्रहमान हकीमी कव्वाल कोटा राजस्थान, जिसमें मशहूर कव्वाल जनाब नदीम जफर इकबाल वारसी, कव्वाल जयपुर राजस्थान के द्वारा एक से बढ़कर एक कव्वालियां पेश करेंगे।11 मार्च शनिवार सुबह 9 बजे को रंग एवं कुल की फातिहा के बाद लंगर का आयोजन होगा।

### यह होगे आयोजन मे शामिल

बीएमबी ग्रुप के सदस्यो ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजन के दौरान राष्टीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, पूर्व सांसद अरुण यादव ,विधायक सचिन बिरला, नपा.अध्यक्ष राकेश गुप्ता, नपा.उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नीलेश रोकडिया,कांग्रेस नेता त्रिलोक राठौड़ , नरेंद्र पटेल, रमिन्द्रसिंह भाटिया ,हाजी सैय्यद मकसूद अली, हाजी युनूस खान इंदौर ,अंजुमन कमेटी सदर शेख अयाज ,भाजपा जिलामहामंत्री महिम ठाकुर, नगर मण्डल अध्यक्ष चंद्रपालसिंह तोमर, पार्षद साबिर खान, सहित अन्य गणमान्य नागरिक कार्यक्रम मे शिरकत करेगे। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए दरगाह पर व्यापक स्तर पर तैयारियां पूरी की जा रही है। मौका स्थल पर आकर्षक झूले और विभिन्न फैंसी दुकानें भी लगाई जाएगी। नगर सेठ की बाडी मौलाना आजाद मार्ग एवं मजार स्थल को दूधिया रोशनी से आकर्षक रूप से सजाया जाएगा।

## कानपुर ग्रीड में विद्युत से छेडछाड पर एफ.आई.आर.दर्ज

बडवाह-वित्तीय वर्ष 2022-23 का अंतिम माह होने से मार्च माह में बिजली कंपनी के द्वारा संपूर्ण बडवाह (सं/सं)संभाग के विद्युत बकायादारों से कडाई से वसूली का अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है। इसी के तहत संभाग के वितरण केन्द्र कानापुर कार्यक्षेत्र के ग्राम नरसिंगपुरा में भी बकायादारों को बार -बार बिजली बिल भरने की समझाईश देने, कनेक्शन विच्छेदन की चेतावनी देने के बावजूद भी राशि जमा नहीं किए जाने पर 3 मार्च शनिवार को एक ही ट्रांसफार्मर से संबंधित 54 नं. उपभोक्ताओं पर रू.2555-22/-की राशि बकाया होने पर कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई की गई।

कनेक्शन काटे जाने पर रात्रि तकरीबन 9.00 बजे बबलू पिता रमेश, संतोष पिता तुकाराम एवं नाहरू पिता सीताराम निवासी-नरसिंगपुरा के नेतृत्व में 20-25 अन्य व्यक्तियों के द्वारा अनाधिकृत व्यक्तियों के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र 33/11 के.वी. ग्रीड सब-स्टेशन कानापुर में घुसकर वहाँ ड्यूटी पर तैनात आपरेटर के साथ बदसलूकी की एवं शासकीय कार्य में बाधा पहुचाई गई और इस दौरान ग्रीड से चालू 11 के.वी. कानापुर घरेलु फीडर को अनाधिकृत रूप से नरसिंगपुरा के उपस्थित व्यक्तियों द्वारा बंद कर दिया गया।

ग्रीड ड्यूटी आपरेटर द्वारा डायल 100 को फोन पर इस घटना की सूचना देने पर पुलिस बल द्वारा पहुँचकर तकरीबन रात्रि 11.00 बजे विद्युत प्रदाय चालू करवाया गया। इस घटना के कारण कानापुर क्षेत्र के 07 ग्रामों की विद्युत प्रदाय रात्रि 9.30 बजे से 11.00 बजे तक प्रभावित हुई। इस घटना के दोषियों के विरूध्द म.प्र.पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लि.के द्वारा पुलिस में भारतीय दण्ड विधान की धारा 353, 294, 323 एवं 34 के तहत् प्रकरण पंजीबध्द कर एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है।

## अवैध शराब विक्रेताओं ने एक युवक एवं उसकी पत्नी पर किया जानलेवा हमला



बड़वाह---ग्राम रांजना में अवैध शराब विक्रेताओं ने एक युवक पर ताबडतोड़ लाठिया बरसाकर बुरी तरह घायल कर दिया साथ ही जब युवक की पत्नी ने जब बीच-बचाव किया तो उसे भी चाकू से घायल कर दिया गया । जानकारी के अनुसार युवक ने पुलिस के पूछने पर अवैध शराब विक्रेताओं का ठिकाना बता दिया था, जिसका बदला उन्होंने शनिवार शाम को लिया। लाठी से पिटाई करने के दौरान युवक के परिजनों ने मौके पर पहुंचकर उसे बचा लिया।रात करीब 10 बजे पीडित पति-पत्नी को बड़वाह के शासकीय अस्पताल लाया गया।चाकू के हमले से पत्नी के दाहिने हाथ में गहरा घाव आया है, जिससे उसको टांके लगाये गये है

### बीच बाजार में कर दिया हमला

पीडित रोशन पिता जंगू सिंह मंडलोई (24) निवासी रांजना ने बताया कि वह शनिवार शाम को काटकूट में चल रहे भगोरिया हॉट से वापस रंजना लौट रहा था। इसी दौरान काटकुट रोड़ पर ही पंचर की दुकान के सामने संदीप पिता मुंशी तीनों कुंदन, मनीष, यशपाल को लेकर आ गया।तीनों डंडे और चाकू लेकर आए और मुझे पीटना शुरू एक दिया। तीनों मुझे लगातार पीट रहे थे। मेरी टी शर्ट तक उन्होंने फाड़ दी। इसी बीच घटनास्थल से कुछ दूरी पर मेरी पत्नी रुक्मिणी (22) को इस बात का पता चला, तो वह दौड़ती हुई मौके पर आ गई। उसने मुझे बचाने की कोशिश की, लेकिन तीनों ने उसे भी मारा और अचानक चाकू से वार करने पर उसके हाथ में कट लग गया। इसके बाद मेरे परिवार वाले जिसमें पिता जंगूसिंह, बहन आरती और मेरे रिश्तेदार भी मौके पर आ गए। इसके बाद तीनों अपने घर से भी महिलाओं को ले आए, लेकिन बीच बचाव के चलते मामला शांत हुआ। 108 एम्बुलेंस को काल करने के बाद हमें बड़वाह सिविल अस्पताल लाया गया।

### पहले भी बोला था तुझे फंसाएंगे

रोशन ने बताया कि उसके पिता जंगू सिंह कोटवार हैं। कुछ समय पहले पुलिस पिता के पास घर आई थी लेकिन वह खेत में गए थे।पुलिसकर्मी पिता की जगह मुझे अपने साथ ले गए और उन्होंने संदीप पिता मुंशी का दारू बेचने का ठिकाना पूछा। मैंने पुलिस को सच था वो सब बता दिया। यही बात उन्हें बुरी लग गई। उन्होंने मुझे धमकी भी दी थी और कहा था कि तुझे ऐसा फंसाएंगे कि जीवन भर याद करेगा।उस बात का बदला उन्होंने आज मुझे पीटकर और पत्नी को चाकू से हमला कर निकाला।

### गांव में घड़ल्ले से बिक रही है अवैध शराब..

बड़वाह के ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से अवैध शराब बिक रही है।इसकी जानकारी विकास यात्रा के दौरान विधायक सचिन बिरला को भी ग्रामीणों ने दी थी।उन्होंने भी आबकारी अधिकारी और पुलिसकर्मियों को गांव में बिकने वाली शराब पर अंकुश लगाने के लिए कहा था।पुलिस ने थोड़ा बहुत ग्रामीणों की मदद और निशानदेही पर अवैध शराब पर शिकंजा कसना शुरू किया, तो इन असामाजिक तत्वों ने ग्रामीणों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। इस तरह इन अवैध शराब विक्रेताओं ने डर का माहौल बनाना शुरू कर दिया है, जिससे ग्रामीण अपना मुंह ना खोलें। शराब माफिया पुलिस से बेखौफ होकर जहरीली कच्ची शराब गांवों के बच्चो और युवाओं तक पहुंचाते रहें।

### चार पर दर्ज किया प्रकरण

काटकूट चौकी प्रभारी नीरज लोधी ने बताया कि घटना की जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी, जहां घायलों को बड़वाह के शासकीय अस्पताल भेजा गया। बड़वाह अस्पताल पहुंचकर भी घायलों से प्राथमिक पूछताछ की गई थी। पीड़ित की शिकायत पर चारों संदीप, यशपाल, कुंदन और मनीष के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। चारों की तलाश जारी है।

## मुख्यमंत्री का जन्मदिवस पर नगर पालिका द्वारा वृक्षारोपण



बडवाह -नगर पालिका बडवाह द्वारा रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के जन्मदिवस पर ट्रेन्चिंग ग्राउंड पर वृक्षारोपण किया गया एवं इसका नाम 'शिव वाटिका'रखा गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री चौहान सन्देश है कि उनके जन्मदिवस पर कोई आयोजन न करके वृक्षारोपण किया जाय। श्री गुप्ता ने बताया कि पर्यावरण की दृष्टी से माननीय मुख्यमंत्री की बातों को जीवन में उतार कर प्रत्येक व्यक्ति को अपने व परिवार के सदस्यों के जन्मदिवस पर वृक्षारोपण करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुशलसिंह डोडवे, पार्षद रजनी भंडारी, साबीर खान, विजय महाजन मजहर खान एवं नगर पालिका स्टाफ उपस्थित होकर 50 पौधों का वृक्षारोपण किया गया।


## व्यापारियों ने दूध के दाम नही बढाये तो दूध बंद आंदोलन करेगें

बड़वाह-भारतीय किसान संघ की बैठक ग्राम समिति कुरावद में संपन्न हुई। जिसमें भारतीय किसान संघ का स्थापना दिवस मनाया गया और कुछ किसानों से जुड़ी हुई बातों पर चर्चा हुई।

किसानों ने बताया कि शनिवार रात्रि हुई बे -मौसम बरसात से किसानों की फसलें प्रभावित हुई है । चना और गेहूं किसानों के खेत में कटा पड़ा है उसके भीग जाने से किसान को बहुत नुकसान हुआ है । इसके साथ ही सभा में किसानों ने दूध के भाव बढ़ाने की मांग भी की गई । किसानों ने कहा कि अमूल एवं साची दूध के भाव 1 माह पहले ही बढ़ चुके हैं । इंदौर में भी दूध के भाव बढ़ चुके हैं पर व्यापारी किसानों के दूध के भाव नहीं बढ़ रहे हैं । किसानों ने तय किया कि दूध के भाव बढाने की मांग को लेकर रविवार शाम को 7.00 बजे बड़वाह में समस्त गांव के किसान एकत्रित होकर अपने अधिकार के लिए व्यापारियों के सामने अपनी बात रखेंगे । यदि व्यापारियों ने हमारी बात नहीं मानी तो हम दूध बंद आंदोलन करेंगे ।उसको लेकर संगठन ने ग्राम उमरिया चौकी ,सेल्दा ,कुरावद ,पडाली, लालपुरा, झिगड़ी, खामखेड़ा ,हनुमंतिया ,नांदिया, अगरवाड़ा, पिड़ाय में बैठक संपन्न हुई।


जिसमें भारतीय किसान संघ के जिला उपाध्यक्ष नाजिम खान, गणपत सिंह पवार, अफजल पठान, सुनील यादव ,आनंद राम जगाती ,अजय निकुम, फूल सिंह बीडवान ,देवेंद्र चावड़ा ,शुभम चावड़ा ,दीपक किशोर गुर्जर, रवि पवार, मंसाराम चावड़ा, संतोष पवार, राधेश्याम पवार, रोहित पटेल, रमेश पटेल एवं अन्य कई किसान मौजूद रहे और यह प्रस्ताव पास हुआ किसान शक्ति जागेगी सारी समस्या भागेगी देश के हम भंडार भरेंगे लेकिन कीमत पूरी लेंगे ऐसे नारों से उद्बोधन हुआ

## ग्रामीण क्षेत्रों में बैमोसम बरसात से किसान को भारी नुकसान



बड़वाह--शनिवार मध्य रात्रि अचानक मौसम बदल गया।दिन की तेज गर्मी के बाद रात 10 बजे से हवाएं चलना शुरू हुई लेकिन रात 12.30 के बाद बादलों के गरजने के कुछ देर बाद तेज बारिश शुरू हो गई।बारिश काफी देर तक बरसती रही। इस बारिश से शहर में कोई प्रभाव नहीं पडा लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में खेती पर इसका प्रभाव जरूर देखने को मिला।जगतपुरा बफलगांव कदवालिया नांदिया आदि ग्रामीण क्षेत्रों में पानी गिरने से किसान को नुकसान हुआ।किसानों ने अपनी चने और गेहू की फसल काटकर खेतों में ही छो? दी थी लेकिन आज सुबह खेत पहुंचे तो फसलें पानी में भीगी हुई थीं।किसानों के मुताबिक इस पानी से गेहू और चने की क्वालिटी पर असर देखने को मिलेगा।उपज की चमक कम होने पर इसका लाभ व्यापारी उठाएंगे।वह फसल को कम दामों पर खरीदने का दबाव बनाएंगे। पहले ही वर्तमान में गेहूं 3000.3200 से सीधे 2200 आ गया है।अब प्राकृतिक आपदा से उपज की गुणवत्ता प्रभावित होने से दाम और कम मिलेंगे। य पानी आगे भी गिराए तो इससे फसलों को अधिक नुकसान होगा।

## ब्रह्मलीन श्री महंत बलजीत जी भारती जी के चतुर्थ पुण्यस्मरण पर दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान



बड़वाह-सद्गुरू की शरण में बैठने से चिंता-दुख दूर होते हैं, प्रसन्नता होती है। निस्वार्थ भाव से सद्गुरू की सेवा करने वाला शिष्य निश्चित ही सफल होता है। ये प्रेरणादायी विचार रविवार को शहर के एमजी रोड़ सत्ती घाटा स्थित राधाकृष्ण मंदिर के व्यवस्थापक संत श्री सुंदरभारती जी महाराज ने ब्रह्मलीन श्री महंत बलजीत जी भारती महाराज के चतुर्थ पुण्यस्मरण पर कहे। इस अवसर पर मंदिर के गादीपति श्री महंत मोहन भारती जी महाराज के दिशा-निर्देश अनुसार दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान सहित कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। मंदिर से जुड़े सेवक राजकुमार चौरसिया ने बताया कि शनिवार को शाम के समय भव्य संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन हुआ। पुण्यस्मरण की तिथि वाले दिन रविवार को सुबह से पंडित प्रदीप अत्रे व पंडित विवेक दुबे के मंत्र उच्चारणओं से पूजन अर्चन का दौर शुरू हुआ। ब्रह्मलीन गुरुदेव की प्रतिमा का अभिषेक कर पद पूजन किया गया। दोपहर 12 बजे आरती हुई। इसके बाद भोग लगाकर महाप्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ आसपास के संत महात्मा भी शामिल हुए।